हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 15 जुलाई 2026

04 आग का गोला बनी सड़क पर दौड़ती स्कूटी, बाल-बाल...

07 मत्स्य विभाग ने मछली पालन को लेकर नर्सरी पॉन्ड बनाए

खबर संक्षेप

फतेहगढ़ में तेज रफ्तार पिकअप ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौके पर मौत

गुना। जिले के फतेहगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मगरोड़ा में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार बिना नंबर की बोलेरो पिकअप के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। फरियादी कुन्जबिहारी मीना (35) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 11:30 बजे उनके पिता दीवान सिंह मीना बड़े बेटे मूलसिंह के घर से लौट रहे थे। इसी दौरान पुरुषोत्तम की दुकान के सामने सफेद रंग की बिना नंबर की महिन्द्रा बोलेरो पिकअप के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दीवान सिंह की मौके पर ही सांसें थम गईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को थाने लेकर आए। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हॉर्न बजाने और साइड न देने पर दो वाहन चालक भिड़े, जमकर मारपीट

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामजानकी मंदिर के पास हॉर्न बजाने और साइड न देने जैसी मामूली बात पर दो वाहन चालकों के बीच संघर्ष हो गया। विवाद में ट्रैक्टर चालक और स्कूटी सवार ने एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष से चारोदा निवासी ट्रैक्टर चालक राजेश आदिवासी (25) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ट्रैक्टर-ट्रॉली में मुरम लेकर जानकीपुरम कॉलोनी जा रहा था। रामजानकी मंदिर के पास पीछे से आ रहे विक्रम समद और प्रियांशु समद ने साइड मांगी। गली संकरी होने से वह साइड नहीं दे पाया। इसी बात पर आरोपियों ने आगे बाइक अड़ाकर ट्रैक्टर रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए डंडे, लात-घूंसों व मुक्कों से उसकी बेरहमी से मारपीट कर दी। घटना में राजेश के हाथ, सीने, गर्दन और होंठ पर चोटें आई हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से पुरानी छावनी निवासी विक्रम समद (38) ने शिकायत दर्ज कराई कि वह स्कूटी से अपने बच्चे को स्कूल से लेकर घर लौट रहा था। उसने आगे चल रहे ट्रैक्टर चालक राजेश आदिवासी से हॉर्न बजाकर साइड मांगी। साइड न मिलने पर जब उसने टोकते हुए वजह पूछी, तो राजेश ने गाली-गलौज करते हुए उसके मुंह पर मुक्का मार दिया, जिससे उसके होंठ व दांत में चोट आई। आरोपी ने लापरवाही से ट्रैक्टर-ट्रॉली उसकी तरफ मोड़ दी, जिससे हाथ की उंगली में चोट लग गई। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

लाइनमैन पर लाठी थप्पड़ों से हमला

गुना। जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाटी में बिजली सुधारने खंभे पर चढ़े एक आउटसोर्स लाइनमैन के साथ ग्रामीणों ने गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट कर दी। आरोपियों ने लाइनमैन का मोबाइल तोड़ दिया। लाइनमैन के कंधे, हाथ, पैर और गर्दन पर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

कैंट क्षेत्र में चोरों का आतंक, ताला तोड़कर घुसे चोर

एसएएफ लाइन और चिंताहरण मंदिर परिसर से 5 मोटरसाइकिलें चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



शहर के कैंट थाना क्षेत्र में चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। शातिर चोरों ने एसएएफ लाइन के सरकारी क्वार्टरों के बाहर और बायपास रोड स्थित चिंताहरण मंदिर परिसर को निशाना बनाते हुए एक ही रात में कुल पांच मोटरसाइकिलें पार कर दीं। एक वारदात में तो चोर मुख्य गेट का ताला तोडक़र भीतर दाखिल हुए। इस सामूहिक चोरी से पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया है, वहीं पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

चोरी की पहली और सबसे बड़ी वारदात कैंट क्षेत्र की वीआईपी मानी जाने वाली एसएएफ लाइन की है। यहां रहने वाले फरियादी मुलायम सिंह यादव ने थाने में उपस्थित होकर बताया कि उन्होंने गत शाम करीब 7 बजे अपनी होंडा शाइन मोटरसाइकिल एमपी 04 जेडडी 8530 को हमेशा की तरह लॉक करके अपने क्वार्टर के बाहर खड़ा किया था। इसके बाद वे अंदर सोने चले गए। अगली सुबह जब वे करीब 8 बजे उठकर बाहर आए, तो उनकी मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। जब उन्होंने आस-पास पड़ताल की, तो पता चला कि चोरों ने उसी रात उनके पूरे ब्लॉक को निशाना बनाया था। चोरों ने उसी ब्लॉक से विवेक यादव की हीरो होंडा सीडी डीलक्स एमपी 33 एमएन 1205, खतरसिंह बारेला की टीवीएस अपाचे एमपी 08 जेडजे 9555 और हनीश मोहम्मद की टीवीएस रेडोन मोटरसाइकिल एमपी 08 एमएस 9197 भी पार कर दी थी। एक ही रात में सरकारी परिसर से चार बाइकें चोरी होने से पुलिस महकमे में भी खलबली है।

वहीं, चोरी की दूसरी वारदात बायपास रोड स्थित शनि मंदिर चिंताहरण मंदिर के पीछे घटित हुई। मंदिर परिसर के भीतर ही निवास करने वाले 62 वर्षीय बुजुर्ग पप्पू प्रसाद जोशी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह गत की रात करीब 11 बजे खाना खाकर सो गए थे। परिसर के अंदर उनकी काले रंग की होंडा एसपी शाइन मोटरसाइकिल एमपी 08 जेएफ 5346 लॉक खड़ी हुई थी। सुबह करीब 5 बजे जब वे सोकर उठे, तो देखा कि मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं थी। चोरों ने वारदात को अंजाम देने के लिए मंदिर परिसर के मुख्य गेट का ताला चटकाया और बड़ी आसानी से गाड़ी लेकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ितों ने काफी तलाश करने के बाद आखिरकार कैंट थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कैंट पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर चोरों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

कंपनी ने की बड़ी कार्रवाई, हटाया डीएम और डीसी को

108 एम्बुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, सेवाएं बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला मुख्यालय सहित पूरे गुना जिले में 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाओं पर मंडरा रहा संकट टल गया है। प्रबंधन के स्थानीय अधिकारियों की प्रताड़ना और अवैध वसूली के खिलाफ शुरू हुई एम्बुलेंस कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल कंपनी द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने के बाद समाप्त हो गई है। कंपनी ने कर्मचारियों को परेशान करने वाले जिला प्रबंधक (डीएम) और जिला समन्वयक (डीसी) को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए गाड़ी पायलट अनिल कुमार छारी ने बताया कि कंपनी प्रबंधन ने उनकी सभी प्रमुख मांगों को गंभीरता से लेते हुए स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे और ड्यूटी के नाम पर अवैध वसूली में लिप्त थे, उन्हें कंपनी ने पद से हटा दिया है। इसके साथ ही प्रबंधन द्वारा जिले में नए अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। अधिकारियों पर हुई इस बड़ी कार्रवाई के बाद एम्बुलेंस स्टाफ ने अपनी हड़ताल पूरी तरह से वापस ले ली है। सभी ईएमटी और पायलट काम पर लौट आए हैं और जिलेभर में 108 आपातकालीन एम्बुलेंस की सेवाएं सुचारू रूप से चालू हो गई हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी के इस सहयोगात्मक और सख्त फैसले से वे संतुष्ट हैं और अब उन्हें ड्यूटी करने में कोई परेशानी नहीं है।

आधे घंटे से अधिक खड़ी रही ट्रेन

कुंभराज स्टेशन के पास बड़ा हादसा ट्रेन से कटकर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के कुंभराज रेलवे स्टेशन से महज 500 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के चलते नागदा-बीना पैसेंजर ट्रेन आधे घंटे से अधिक समय तक मौके पर ही खड़ी रही, जिससे रेल यातायात प्रभावित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुंभराज स्टेशन से कुछ ही दूरी पर एक महिला जो संभवतः रेल से गिरकर ट्रेन की चपेट में आ गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद चालक ने गाड़ी रोक दी, जिसके कारण नागदा ट्रेन करीब आधे घंटे से ज्यादा समय तक ट्रैक पर खड़ी रही। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को ट्रैक से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

'गलत इंजेक्शन से मासूम का हाथ खराब इलाज के लिए पिता ने गिरवी रखी जमीन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

आरोन सिविल अस्पताल के डॉक्टर पर गंभीर आरोप

जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को एक पीड़ित पिता ने अपने चार वर्षीय बेटे का हाथ ठीक कराने और दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। शासकीय अस्पताल के डॉक्टर द्वारा कथित तौर पर गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने के कारण मासूम का पूरा हाथ संक्रमण की चपेट में आकर खराब हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने सीएमएचओ को जांच के निर्देश दिए हैं। मूल रूप से विदिशा जिले के उनारसी कलां निवासी राजेश अहिरवार ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। करीब दो महीने पहले वह अपने चार साल के बेटे आर्यन को सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायत होने पर सिविल अस्पताल आरोन लेकर गया था। वहां पदस्थ डॉक्टर महेश राजपूत ने करीब 1200 रुपये की दवाइयां और इंजेक्शन लिखे। पीड़ित पिता का आरोप है कि डॉक्टर ने जब बच्चे के बाएं हाथ में इंजेक्शन लगाने के लिए सिरिंज लगाई, तो वह फेल हो गई। इसके बाद हाथ में संक्रमण (इन्फेक्शन) फैल गया और वह पूरी तरह खराब हो गया।

दो बार ऑपरेशन के बाद भी नहीं मिला आराम: राजेश ने बताया कि बेटे के हाथ को बचाने के लिए अब तक दो बार ऑपरेशन कराना पड़ा है, जिसमें करीब 70 से 80 हजार रुपये खर्च हो चुके हैं। इस खर्च के लिए उन्हें अपनी एक बीघा जमीन और गहने तक गिरवी रखने पड़े। जब उन्होंने डॉक्टर महेश राजपूत से शिकायत की, तो डॉक्टर ने शुरू में गुना के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया, लेकिन फायदा नहीं होने पर जब दोबारा डॉक्टर से बात की, तो वे गाली-गलौज और धमकी देने पर उतारू हो गए। पीड़ित पिता ने जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर बच्चे के इलाज और आरोपी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

चेक बाउंस मामले में फरार वारंटी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

सिटी कोतवाली पुलिस ने चेक बाउंस के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय गुना में चेक बाउंस से संबंधित प्रकरण क्रमांक 825/18 धारा 138 एन.आई. एक्ट में आरोपित सूरज कुशवाह निवासी ईदगाह बाड़ी गुना के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर प्रकरण में उसकी गिरफ्तारी हेतु स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस द्वारा वारंटी सूरज कुशवाह की निरंतर तलाश की गई। जिसकी तलाश के क्रम में मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक सूर्येन्द्र मिश्रा एवं आरक्षक नरेन्द्र रावत की विशेष भूमिका रही है ।

कुंभराज के लामाखेड़ा में दलित बस्ती पर मंडराया संकट

आशियाने उजाड़ने की धमकी के खिलाफ कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के कुंभराज तहसील के ग्राम लामाखेड़ा में वर्षों से निवास कर रहे दलित समुदाय के लोगों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी बस्ती को बचाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपे शिकायती आवेदन में आरोप लगाया कि गांव के कुछ रसूखदार लोग जबरन उनकी बस्ती को उजाडक़र उनके घरों को तोडऩा चाहते हैं और उन्हें बेघर करने की धमकी दे रहे हैं।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे बबलेश, सुनील, सज्जन, राजू, तुलसी, रामबाबू, मोहित, रामराज, इमरतसिंह और जितेंद्र सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे लामाखेड़ा में करीब 50 वर्षों से शांतिपूर्वक रह रहे हैं। शासन द्वारा सर्वे कराने के बाद उन्हें इसी भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान स्वीकृत किए गए थे, जहां सरकारी कुआं भी खुदा हुआ है। इसके बावजूद पिछले एक साल से मीना समाज के कुछ लोग उन्हें घर खाली करने के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं और कह रहे हैं कि वे इन मकानों को तुड़वाकर वहां अपना खेत बनाएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि डराने-धमकाने वाले इन लोगों ने खुद गांव में करीब 70 बीघा सरकारी चारागाह और गौशाला की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है और अब वे गरीबों को बेदखल करने की साजिश रच रहे हैं। पीड़ितों ने प्रशासन से अपनी बस्ती को बचाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

गांजा मांगने पर विवाद: युवक और मां पर कुल्हाड़ी से हमला

गुना। जिले के चांचौड़ा थाना अंतर्गत ग्राम कालापहाड़ में गांजा मांगने की बात पर हुए उपजे विवाद में एक किराना दुकानदार और उसकी मां पर पड़ोसियों ने कुल्हाड़ी व लात-घूंसों से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

कालापहाड़ एबी रोड किनारे किराना दुकान चलाने वाले 19 वर्षीय आनंद राजपूत ने बताया कि देर रात करीब 1 बजे एक अज्ञात ट्रक चालक उसकी दुकान पर आया और गांजा मांगने लगा। आनंद ने जब गांजा बेचने से साफ मना कर दिया, तो पड़ोस के दुकानदार राहुल राजपूत और बंटी राजपूत वहां आ गए। वे आनंद को गाली देते हुए बोले कि हमारे ग्राहकों को क्यों भगा रहा है। इसी बीच राहुल की मां रूपाबाई घर से कुल्हाड़ी लेकर आई, जिसे छीनकर राहुल ने आनंद के पैर के पंजे पर मार दिया। बीच-बचाव करने आई आनंद की मां को भी आरोपियों ने लात-घूंसों से पीटा।

द लीडर्स क्लब का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न साकेत जैन अध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

द लीडर्स क्लब गुना का शपथ विधि एवं पद हस्तान्तरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ विधि अधिकारी क्लब के चार्टर अध्यक्ष शैलेंद्र जैन रहे। सत्र 2025-26 के अध्यक्ष महावीर जैन, सचिव रोहित सुर्जन, कोषाध्यक्ष गुरुप्रीत सिंह, लेडी लीडर अध्यक्ष दीप्ति सौरभ अग्रवाल और सचिव अबिधा प्रणय विजयवर्गीय ने अपना पद नई कार्यकारिणी को सौंपा। इसके बाद नए अध्यक्ष साकेत जैन, सचिव सौरभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुंवरजीत सिंह सूद, लेडी लीडर अध्यक्ष अम्बिका मनीष विजयवर्गीय और सचिव शिखा मनीष छाबड़ा ने शपथ ली। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में क्रिसेंट, डॉ. गौरव, राहुल झाँझरी, कुलदीप, मनोज सलूजा, श्रेय अग्रवाल, रोहित सुर्जन, मितेश अग्रवाल, प्रणय विजयवर्गीय, सिद्धार्थ जैन, गुरुप्रीत अरोरा, प्रमोद गुप्ता और राहुल अग्रवाल ने भी पदभार संभाला।

इसी तरह लीडर्स सोशल फाउंडेशन के निवर्तमान अध्यक्ष रजनीश शर्मा, सचिव अमित नीखरा और कोषाध्यक्ष ईशान गोयल ने अपना पद नए अध्यक्ष अतुल अग्रवाल, सचिव डॉ. गौरव जैन और कोषाध्यक्ष मनीष छाबड़ा को हस्तांतरित किया। इसमें रवि मंगल और शिव सिंह किरार कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महावीर जैन के वार्षिक प्रतिवेदन से हुई, जबकि नए अध्यक्ष साकेत जैन ने आगामी योजनाओं की जानकारी दी। सचिव सौरभ अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

पार्षद पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला सोने की चेन और 10 हजार लूटने के आरोप

गुना। शहर के वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद रामवीर जाटव पर मंगलवार सुबह जगपुर में घात लगाकर बैठे बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से तलवार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में पार्षद के सिर में गंभीर चोट आई है, जिससे वे बेहोश हो गए। इस दौरान पार्षद ने उनकी गले से सोने की चेन और जेब में रखे 10,000 रुपये नगद लूटने का आरोप लगाया। घटना सुबह करीब 11:30 बजे की है, जब पार्षद रामवीर जाटव अपने भाई रविन्द्र के साथ बरसात से पहले क्षेत्र में साफ-सफाई की समस्याओं को लेकर नागरिकों से मिलने गए थे। जगपुर स्थित बलवीर सहरिया की जमीन के पास पहुंचते ही गप्पू पारदी, नागकन्या पारदी, वाशु पारदी, सहू पारदी, राहुल पारदी, काली बाई और उनके 15 अन्य साथियों ने एकराय होकर अचानक हमला बोल दिया।

पार्षद के बेहोश होने पर भाई रविन्द्र ने उन्हें संभाला और तत्काल थाने लेकर पहुंचे, जहां आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी गप्पू पारदी पर पूर्व से भी लूट, चोरी और हत्या जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

कलेक्टोरेट पहुंचे आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण, जान से मारने दी जा रही धमकी

100 साल पुराने सरकारी तालाब पर दबंगों के कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सुआटोर, गोपालपुरा, बडकुई, भोटुपुरा, डांगर, बरखेड़ा और गढ़ला सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एक शिकायती आवेदन सौंपकर गोपालपुरा स्थित करीब 100 साल पुराने शासकीय तालाब पर दबंगों द्वारा किए गए बलपूर्वक कब्जे को हटाने और सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है।

पंचायत के समझौते को भी नकारा, बंदूक के दम पर दे रहे धमकी

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल इस विवाद को लेकर गांव में एक बड़ी पंचायत भी बुलाई गई थी। उस दौरान आरोपी गनपत ने लिखित समझौता किया था कि वह अगले साल से तालाब पर मछली पालन नहीं करेगा। इसके बावजूद आरोपी ने चोरी-छिपे फिर से तालाब में मछलियां डाल दीं। अब जब भी कोई ग्रामीण तालाब के पास जाता है, तो आरोपी गनपत और उसके साथी गालियां देकर भगा देते हैं। विरोध करने पर वे ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि आरोपी कभी भी उन पर जानलेवा हमला कर सकते हैं, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सरकारी तालाब से अवैध कब्जा हटवाने और आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में रामसिंह, सुरेश, राजू, अर्जुन, दिनेश, धर्मसिंह, रमेश, मचल सिंह, भीमसिंह सहित समस्त ग्रामीणों ने बताया कि गोपालपुरा में स्थित यह तालाब शासकीय है, जिसका उपयोग करीब 100 वर्षों से सभी ग्रामीण करते आ रहे हैं। इस तालाब पर गांव के ही गनपत और उसके अन्य साथियों ने बलपूर्वक अवैध कब्जा कर रखा है। आरोपी तालाब में जबरन मछलियां पाल रहे हैं और ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं लेने दे रहे हैं।

खबर संक्षेप

कियोस्क संचालकों के बीच खूनी संघर्ष

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाबगंज में दो कियोस्क संचालकों के बीच ग्राहकों को भडक़ाने की बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक संचालक ने दूसरे पर डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया और दुकान में तोडफ़ोड़ की। ग्राम मावन निवासी पीड़ित शाकिर खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गुलाबगंज में गोमती मैरिज गार्डन के सामने कियोस्क सेंटर चलाता है। उसके पास में ही भादौर निवासी देवेंद्र अहिरवार का भी कियोस्क सेंटर है। गत दोपहर देवेंद्र डंडा लेकर शाकिर की दुकान पर पहुंचा और ग्राहकों को भडक़ाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर देवेंद्र ने डंडे से शाकिर की बेरहमी से मारपीट कर दी, जिससे उसके हाथ, पेट और पसलियों में चोटें आईं। आरोपी ने दुकान में रखे डेल कंपनी के लैपटॉप और बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल में भी तोडफ़ोड़ कर नुकसान पहुंचाया। जाते-जाते आरोपी ने दोबारा ऐसा करने पर जान से मारने की धमकी दी। कैंट पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव आज से

गुना। अंतरराष्ट्रीय गीता प्रचार मिशन के प्रमुख कैलाश मंथन के अनुसार, अंचल के सभी पुष्टिमार्गीय व वैष्णव मंदिरों में दो दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव की शुरुआत हो रही है। बुधवार को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर नाथद्वारा के निर्देशानुसार मंदिरों में विशेष मनोरथ के तहत ठाकुरजी रथ में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। वहीं, 16 जुलाई को सभी सनातनी मंदिरों में रथ यात्रा महोत्सव के तहत विशेष आयोजन होंगे। महोत्सव के दौरान विभिन्न राज्यों में संकीर्तन और निशुल्क गीता वितरण समारोह आयोजित किए जाएंगे। कैलाश मंथन ने बताया कि रथ यात्रा भारतीय संस्कृति की महान परंपरा है। इसमें शरीर को रथ और जीवात्मा को उसका स्वामी माना गया है। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों और सत्संग मंडलों में विशेष आरती व प्रसंग आयोजित किए जाएंगे।

कर्मचारियों की समस्याओं पर एसडीएम ने दिखाई गंभीरता

ईसागढ़। एसडीएम कार्यालय ईसागढ़ में मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री त्रिलोचन गौड़ की अध्यक्षता में परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कर्मचारी संगठनों ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधियों ने क्रमोन्नति, वेतनमान, एरियर भुगतान सहित अन्य प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी मुद्दों से समिति को अवगत कराया और उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। एसडीएम त्रिलोचन गौड़ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए ताकि शासकीय कार्यों का संचालन सुचारु रूप से हो सके। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारी संगठनों के बीच सकारात्मक संवाद हुआ तथा कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पर सहमति बनी।

गुना में शिक्षिका की नजर ने टाला बड़ा हादसा

आग का गोला बनी सड़क पर दौड़ती स्कूटी, बाल-बाल बचे दो छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर के अशोकनगर रोड पर मंगलवार शाम करीब 4 बजे काल बनकर दौड़ रही एक स्कूटी से दो मासूम जिंदगियां बाल-बाल बच गईं। हीराबाग क्षेत्र में जब दो किशोर अपनी स्कूटी पर सवार होकर निकल रहे थे, तब उनकी चलती गाड़ी अचानक सडक़ पर दौड़ता बारूद बन गई। लेकिन भगवान का शुक्र कहिए कि ठीक उसी वक्त वहां से गुजर रही एक स्कूल शिक्षिका की नजर समय रहते उस पर पड़ गई। शिक्षिका की चीख और सूझबूझ ने मौत के मुंह में जा रहे दोनों बच्चों को वक्त रहते गाड़ी से उतार लिया, जिससे एक बहुत बड़ा और दर्दनाक हादसा टल गया।

यह खौफनाक वाकया उस समय का है जब सोनी कॉलोनी के रहने वाले छात्र मनन शर्मा अपने दोस्त के साथ स्कूटी क्रमांक एमपी 08 एमवाय 3096 पर सवार होकर सिंगवासा तालाब की तरफ घूमने जा रहे थे। किशोरों को जरा भी अंदाजा नहीं था कि जिस गाड़ी पर वे बैठे हैं, उसके पिछले हिस्से से आग की लपटें और धुएं का गुबार उठ रहा है।

तभी गोविंद गार्डन की रहने वाली और प्राथमिक विद्यालय हरिपुर में पदस्थ शिक्षिका मंजू शर्मा स्कूल की छुट्टी के बाद इसी रास्ते से अपने घर लौट रही थीं। जलती स्कूटी पर नजर पड़ते ही उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए शोर मचाया और चिल्लाकर दोनों बच्चों को गाड़ी तुरंत रोकने के लिए आगाह किया।

जैसे ही दोनों बच्चे सकपका कर नीचे उतरे, वैसे ही स्कूटी ने रौद्र रूप धारण कर लिया। चंद सेकंड में ही पूरी गाड़ी आग के शोलों में घिर गई। सडक़ पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। दोनों किशोरों और स्थानीय दुकानदारों ने सडक़ किनारे पड़ी धूल, बजरी और पानी डालकर आग बुझाने की हरमुमकिन कोशिश की।

इसी बीच सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। दमकलकर्मियों ने तेजी से पानी की बौछारें शुरू कीं, लेकिन पेट्रोल गाड़ी होने के कारण आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि देखते ही देखते चमचमाती स्कूटी सबके सामने कंकाल में तब्दील हो गई। छात्र ने बताया कि यह पेट्रोल स्कूटी महज दो-तीन साल पुरानी ही थी। आशंका है कि चूहे द्वारा कोई वायर कुतर दिए जाने या इंजन में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से यह हादसा हुआ। भले ही गाड़ी पूरी तरह खाक हो गई, लेकिन शिक्षिका मंजू शर्मा के चेहरे पर बच्चों को सुरक्षित देख सकून साफ नजर आ रहा था। वाकई, अगर मंजू मैडम की पैनी नजर और सतर्कता न होती, तो आज गुना में एक बड़ा मातम पसर गया होता।

एसयूसीआई का राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन

सभी सरकारी अस्पताल और स्कूल निजी हाथों में देने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) द्वारा विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर घोषित राज्यव्यापी विरोध दिवस के अंतर्गत मंगलवार को आरोन के स्थानीय दास हनुमान मंदिर चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगें पूरी करने की आवाज उठाई। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने प्रमुखता से मांग की है कि मध्य प्रदेश में सरकारी अस्पतालों को निजी हाथों में देने की योजना तत्काल रद्द की जाए। सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों, टेक्निकल स्टाफ की स्थाई भर्ती हो और मुफ्त दवाओं व जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बिजली बिल बढ़ाने वाली प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना को रद्द कर बढ़े हुए बिल माफ किए जाएं। इसके साथ ही तमाम कृषि उपजों का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य निर्धारित कर सरकारी खरीद की गारंटी दी जाए।

संगठन ने महिलाओं व बच्चों पर बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए मध्य प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी और नशा-अश्लीलता पर रोक लगाने की मांग की है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के 94 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति वापस लेने, बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने और रिक्त पदों पर स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग उठाई गई है। इसके अलावा सभी नागरिकों को शुद्ध पेयजल देने, पानी के व्यवसायीकरण पर रोक लगाने, मासिक जलकर कम करने, बेरोजगारों को स्थाई रोजगार देने, संविदा, आशा-ऊषा, आंगनबाड़ी व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, चार लेबर कोड रद्द करने और जल-जंगल-जमीन पर कॉर्पोरेट का कब्जा बंद करने की पुरजोर वकालत की गई है।

सीएम हाउस घेरने 15 को सुबह निकलेंगे गुना के कांग्रेसजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के युवाओं और छात्रों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाने के लिए इंदौर से भोपाल तक साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री निवास के घेराव के साथ इस यात्रा का समापन होगा। इसी राज्यव्यापी आव्हान के तहत गुना जिले से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व मंत्री व विधायक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में इस आंदोलन में शामिल होने जा रहे हैं।

गुना जिले से साइकिल यात्रा की तैयारियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर सोमवार को गायत्री मंदिर के समीप स्थित बमौरी विधायक इंजीनियर ऋषि अग्रवाल के कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की सफलता और रूट को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इस मौके पर मौजूद कांग्रेस के शहर अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश नेतृत्व और जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में गुना जिले का हर कार्यकर्ता मुस्तैद है। गुना के सभी ब्लॉकों से कांग्रेस कार्यकर्ता अलग-अलग टोलियों में भोपाल पहुंचेंगे और मुख्य यात्रा का हिस्सा बनेंगे। बैठक में तय रणनीति के अनुसार, गुना जिले के तमाम कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का एकत्रीकरण 15 जुलाई को दोपहर 2 बजे होगा। यहां से सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास भोपाल के घेराव के लिए कूच करेंगे तथा दोपहर 2 बजे भोपाल स्थित लालघाटी चौराहे पर एकत्रित होकर एकसाथ रवाना होंगे।

100 विद्यार्थियों की हुई स्वास्थ्य जांच

मदरसा इशातुल उलूम में नि:शुल्क स्वास्थ्य व दंत परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

सिविल अस्पताल आरोन द्वारा विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं समय पर रोगों की पहचान के उद्देश्य से मंगलवार को बस स्टैंड के पीछे महमूदगंज स्थित मदरसा इशातुल उलूम में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 100 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य एवं दंत परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश रघुवंशी के निर्देशन में किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि सोनी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित किरार,राजेश कुमार शर्मा मलेरिया

प्रभारी तथा स्वास्थ्य कर्मचारी ओमप्रकाश ओझा ने विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, दंत परीक्षण एवं आवश्यक जांच की। जिन विद्यार्थियों को दवाइयों की आवश्यकता थी, उन्हें मौके पर ही निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, जबकि विशेष उपचार की आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को आगे की चिकित्सा के लिए आवश्यक परामर्श दिया गया।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश रघुवंशी ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर प्रारंभिक अवस्था में बीमारियों की पहचान करना तथा समय पर उपचार उपलब्ध कराना है।

विधायक की उपस्थिति में हुआ जमीनी विवाद का सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

क्षेत्र के मुरेला पंचायत के नयापुरा गांव में लंबे समय से चले आ रहे दो पक्षों के जमीनी विवाद के समाधान हेतु चाचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची की पहल पर संबंधित भूमि का सीमांकन कार्य उनकी प्रत्यक्ष उपस्थिति में संपन्न कराया गया। इस दौरान दोनों पक्षों की मौजूदगी में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार सीमांकन की कार्रवाई पूरी की। सीमांकन के दौरान तहसीलदार मयंक खेमरिया, नायब तहसीलदार कुलदीप जादौन, थाना प्रभारी नीरज राणा सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित पंचायत सरपंच, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने राजस्व अभिलेखों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार

भूमि की सीमाएं चिन्हित कर दोनों पक्षों को जानकारी दी।

विधायक प्रियंका पैंची ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने दोनों पक्षों से प्रशासन द्वारा किए गए सीमांकन का सम्मान करने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में इस संबंध में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो, इसके लिए आवश्यक राजस्व अभिलेखों का अद्यतन एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

लीनेस क्लब की महिलाओं ने हरी साड़ी धारण कर पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वृक्षारोपण हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह न केवल हमें आक्सीजन प्रदान करता है बल्कि वायु प्रदूषण को कम करने जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। वृक्ष पशु पक्षियों के लिए आवास और भोजन का स्त्रोत भी होते हैं वृक्ष वायु को शुद्ध करते हैं,जल संचय में सहायक होते हैं इसके अलावा वृक्षों के आसपास रहने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसीलिए हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए और वृक्ष लगाने के साथ ही हमें उनकी देखभाल भी करनी चाहिए, वृक्षों की कटाई को रोकना चाहिए। इसी श्रृंखला में लीनेश क्लब द्वारा वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए वृक्षारोपण का कार्यक्रम शहर के स्थानीय मंगल पैलेस में आयोजित किया गया। क्लब की सदस्य

महिलाओं ने ग्रीन साड़ी पहनकर कैटवॉक किया जिसमें रश्मि जैन प्रथम, अंजना दुबे द्वितीय एवं रानी नामदेव ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसी क्रम में बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं तरह- तरह के वृक्षों का आकर लेकर अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। इस मौके क्लब की प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, डॉ रजनी शुक्ला,सुनीता अग्रवाल, क्लब के अध्यक्ष अलका अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गीता बंसल, वंदना चैधरी, रश्मि मिगलानी, ममता अग्रवाल, सपना सेठ, रुचि गुप्ता, सरिता, अरुणा अरोड़ा, अनुज अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल बमोरी सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। इस अवसर पर 251 पौधे लीनेस क्लब द्वारा लगाए गए एवं 251 पौधे और लगाने का संकल्प लिया। इस तरह 500 पौधे लगाने का संकल्प क्लब की सदस्यों ने किया, पौधे लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी करने का आश्वासन दिया गया।

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 12 की वर्चुयल रैली सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र-12 द्वारा जैन सम्राट गौरव वर्ष में विशाल वर्चुयल रैली गत रात्रि में जूम एप पर सम्पन्न हुई।

वर्चुयल रैली के प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली के प्रारम्भ में विशिष्ट राष्ट्रीय संरक्षक विजय जैन गुना द्वारा इस रैली के उद्देश्य के बारे में प्रकाश डालते हुए जैन सम्राट गौरव वर्ष के महत्व को बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति, संस्था, समाज, समुदाय अपने पूर्वजों के इतिहास से अनविज्ञ है उन्हें अपने पूर्वजों के योगदान/अपने धर्म का गौरव नहीं हो सकता, हम अपने गौरवशाली इतिहास को जान सके, समझ सके और अपनी भावी पीढ़ी को समझा सकें इस भावना को लेकर भारतीय जैन मिलन ने इस वर्ष को जैन सम्राट गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निश्चय किया है। आपने भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज का विस्तृत परिचय दिया, जिसमें उनके सामाजिक राजनीतिक एवं भारतीय जैन मिलन में योगदान को प्रस्तुत किया।

उत्तरप्रदेश अल्पसंख्यक

आयोग के पूर्व सदस्य विगत 25 वर्षों से मेरठ जैन समाज के अध्यक्ष प्रख्यात उपन्यासकार भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज द्वारा वर्चुयल रैली के माध्यम से जैन इतिहास की बहुत सी जानकारियां के साथ कहा कि हमारे समाज में बहुत से क्षेत्रों के लोग अपने नाम के साथ जैन नहीं लगाते हैं जिस कारण हमारी पहचान और संख्या सरकार और समाज के स्तर पर बहुत कम आंकी जा रही है। इस कारण हमारे प्रतिनिधित्व विधानसभा और संसद में शून्य हो चुके हैं और हमारे तीर्थ क्षेत्र एवं साधुओं की सुरक्षा के बारे में किसी स्तर पर कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है और हमारा समाज पिछड़ता जा रहा है।

दो बाइकों की भिड़ंत के बाद खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों में मारपीट

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत धरावला तिराहे पर गत रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के बाद दोनों पक्षों के परिजन और साथी लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए, जिससे विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष से धरावला निवासी मदनलाल लोधा (58) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने साथी मर्दन लोधा की बाइक से घर लौट रहे थे। तभी धरावला तिराहे के पास भूराखेड़ी निवासी धनराज अहिरवार ने लापरवाही से बाइक चलाकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मदनलाल के सिर और पीठ में चोट आई। इसके बाद जब मदनलाल के बेटे पवन और परमानंद मौके पर पहुंचे, तो भूराखेड़ी के रिंकेश, लक्ष्मण अहिरवार और उनके साथियों ने परमानंद की लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट कर दी और रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष से भूराखेड़ी निवासी धनराज अहिरवार (26) ने शिकायत दर्ज कराई कि मदनलाल लोधा ने तेज रफ्तार बाइक से उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मारी। दुर्घटना में वह घायल हो गया। इसके बाद मदनलाल के बेटों पवन और परमानंद लोधा ने मौके पर आकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन-ए की खुराक

जिला अस्पताल में 'दस्तक अभियान' का किया गया भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को जिला अस्पताल में दस्तक अभियान' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जजपाल एवं भाजपा महामंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी ने 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाकर अभियान की शुरुआत की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में पूरे जिले में यह विशेष स्वास्थ्य अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के नेतृत्व में संचालित इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण, रतौंधी एवं विटामिन-ए की कमी से होने वाली अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम करना है।

डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के 9 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1,05,490 बच्चों को विटामिन-ए सिरप की खुराक दी जाएगी। यह अभियान जिले के सभी 873 गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है, जिससे

प्रत्येक पात्र बच्चे तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. टैगोर, आरआईडीएम प्रियंका सोनी, वीसीसीएम पंकज शर्मा, आईएफएम राकेश बैरागी, चेतन रघुवंशी, डीईओ सहित स्वास्थ्य विभाग का वरिष्ठ स्टाफ उपस्थित रहा। वरिष्ठ स्टाफ नर्स हेमवती शर्मा, सोना कुशवाह एवं जीएनएम छात्राओं ने भी अभियान के सफल संचालन में भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र अथवा निर्धारित सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन-ए की खुराक अवश्य दिलवाएं।

नगर पालिका अध्यक्ष ने कार्यालय का निरीक्षण किया

अशोकनगर। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में जाकर उपस्थिति पंजिका हाजिरी रजिस्टर की जाँच की और कार्यालयीन अनुशासन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान न.पा अध्यक्ष ने शाखाओ में जाकर कंप्यूटर ऑपरेटरो का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं वहां बैठकर कार्यप्रणाली को बारीकी से देखा और यह समझने का प्रयास किया कि नगर पालिका में आने वाले हितग्राहियों की समस्याओं को किस प्रकार सुना जा रहा है और उनका निराकरण कितनी तत्परता से किया जा रहा है। अध्यक्ष ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर और पारदर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना है।उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि हितग्राहियों के साथ शालीन व्यवहार रखें और किसी भी कार्य को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। इस दौरान उन्होंने कामकाज में और अधिक सुगमता व गति लाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए, ताकि आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं और अन्य कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े।

प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन

अशोकनगर। करुणा निधि सेवा समिति ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया। जिसमें साल भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, और आगामी कार्य योजना पर प्रकाश डाला गया। सेवा समिति के अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी ने बताया कि सेवा समिति 16 वर्ष से गरीब असहाय दिव्यांग तथा निराश्रितों को प्रत्येक दिन सूर्यास्त के बाद निःशुल्क भोजन कराती है। 300 रोज का गौ चारा माह के चैथे मंगलवार को निःशुल्क नेत्र शिविर, बरसात में वृक्षारोपण, ठंडो में कंबल वितरण, गर्मियों में निःशुल्क जल सेवा, साल में एक बार प्रतिभा सम्मान, निराश्रित बॉडी का अंतिम संस्कार से लेकर 13वीं तक क्रियाक्रम कराती है। इस वर्ष समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 लोगों का सम्मान कर सभी सदस्यों एवं प्रतिभाओं को स्नेह भोज कराया। इस मौके पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह समिति के कोषाध्यक्ष पारस चन्द जैन, सचिव रामवली सिंह, सह सचिव प्रदीप शर्मा, मानक चन्द जैन, रोशन कोहली, रामवीर सिंह छैवलाई, देवेन्द्र जैन, शिवप्रा, ऋचा जैन, कुसुम आदि रहे मौजूद।

ग्रामीणों ने अतिंम संस्कार में पहुंचे विधायक को बताई समस्याएं

कोलुआ के आदिवासी की पुणे में मौत, मृतक का शव अशोकनगर लाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलुआ निवासी स्वर्गीय महेंद्र आदिवासी पुणे (महाराष्ट्र) में मजदूरी का कार्य कर रहे थे। दुर्भाग्यवश कार्य के दौरान उन्हें अचानक हृदयाघात (हार्ट अटैक) आया, जिससे उनका असामयिक निधन हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन विधायक इंजी. हरिबाबू राय से मिले और सहायता की अपील की। विधायक ने मानवीय संवेदनाओं

का परिचय देते हुए पुणे में संबंधित अधिकारियों एवं स्थानीय संपर्कों से समन्वय स्थापित कराया। उनके सतत प्रयासों से स्वर्गीय महेंद्र आदिवासी का पार्थिव शरीर सकुशल उनके पैतृक गांव लाया गया।

ग्रामवासियों ने विधायक का ध्यान मुक्ति धाम पर पेयजल की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया। ग्रामीणों ने बताया कि वहां न तो पानी की समुचित व्यवस्था है और न ही हैंडपंप, जिससे अंतिम संस्कार के समय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके बाद विधायक ने तत्काल कलेक्टर एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पत्र प्रेषित कर मुक्ति धाम के पास शीघ्र जल व्यवस्था एवं हैंडपंप की स्थापना सुनिश्चित करने की मांग की।

खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत हिनोतिया पछार निवासी रामकुमारी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से विशाल यादव, रामराजा यादव, राजकुमारी यादव,नन्हे राजा यादव ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

बाईक की टक्कर से युवक घायल

अशोकनगर। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम राजतला निवासी राजपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडई 0225 के चालक धर्मेन्द्र लोधी ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर कदवाया रोड की पुलिया के पास उसमें टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबेडकर मोहल्ला निवासी विनोद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रणवीर मोर्य ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी रामस्वरूप लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सप्पा, छोटू और सोहिल मुसलमान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला निवासी कुलदीप रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी त्रिद्वीप रावत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नागफन्नी चक्क निवासी देवेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आंनद, कालू, लाखन और यश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया फूट निवासी विमल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र अहिरवार ने उधारी के पैसे लेने पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी सायना बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जाकिर अली और समीदन बानो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत रांवसर जागीर निवासी हरवीर शिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शेलेन्द्र, छोटू और प्रताप शिकारी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से नर्वदी बाई शिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कल्याण, हरवीर और दीपक शिकारी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

बारिश नहीं होने से उत्पादन प्रभावित होने की संभावना

मत्स्य विभाग ने मछली पालन को लेकर नर्सरी पॉन्ड बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मत्स्य विभाग ने मछली उत्पादन को लेकर नर्सरी पॉन्ड बनाकर रखे हैं लेकिन बारिश नहीं होने से मछली का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। मत्स्य विभाग द्वारा 65 लाख रुपए के बीज बाहरी शहरों से जहां बड़े-बड़े फॉर्म है वहां से मंगा कर रखें है ऐसे में कहीं बारिश पर्याप्त नहीं हुई या समय पर नहीं हुई तब मछली उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है।

12 नर्सरी पॉन्ड अमाही तालाब के पास बनाए गए हैं

मत्स्य विभाग के सहायक संचालक एन.एस दंडोतिया ने बताया कि यह नर्सरी पॉन्ड हैं जो एक ही स्थान पर बनाए गए हैं यह परिक्षेत्र अशोकनगर के अमाही तालाब के पास है। यहां पर यह पॉन्ड बने हुए हैं इन पॉन्ड में पानी भरने के बाद या पर्याप्त मात्रा में पानी आने के बाद मछली संवर्धन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। लगभग एक दर्जन यह पॉन्ड बने हुए हैं, जिसमे मछली उत्पादन होगा। यह बीज मध्यप्रदेश के सिवनी, मैहर बालाघाट आदि स्थानों से मंगाए गए हैं।

इन बीजों को विक्रय किया जाएगा। शासन ने जो शासकीय दर तय की है उस दर पर विक्रय किया जाएगा। समितियों के माध्यम से और मछुआ समूहों को यह बीज प्रदान किए जाएंगे जो एक हेक्टेयर के निजी तालाब है वहां भी यह बीज प्रदान किए जाएंगे। अशोकनगर में जिन प्रजातियों की मछलियां पैदा होती है उनमें कतला, कोपन कारवे आदि प्रजाति की मछली होती है यह मछली 1 वर्ष में 3 किलो की हो जाती है। 10 से 15 किलो की मछली यहां के कोचा और मोला डेम में 12 महीने पैदा की जाती है।

जिले में जल संसाधन विभाग से लेकर ग्रामीण स्तर तक के तालाब

अशोकनगर जिले में अगर तालाबों की बात करें तो सिंचाई विभाग के 33 तालाब है इसके अलावा जिला पंचायत के 7 तालाब है जनपद के 22 और ग्राम पंचायत के 4 तालाब है ग्रामीण तालाब 32 है जिनमें मछली पालन हो रहा है निजी तालाब 155 है नगर निकाय के चार तालाब है। जिला पंचायत के तालाबों की लीज 220000 रुपए में और जनपद के तालाबों की ढाई लाख रुपये तथा ग्रामीण तालाबों से 10 से 12 लाख रुपए की आय मत्स्य विभाग को होती है। निजी तलावों की राशि उन पर रहती है। उन्होंने बताया कि राजघाट बांध मध्य प्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा पर बना हुआ है इसका 2025 में पट्टा हुआ था जो उत्तरप्रदेश के पास गया है 5 वर्ष तक रहेगा, 2030 में फिर पट्टा मध्यप्रदेश का होगा।

जिले में 40 समितियां लेकिन चार में विवाद की स्थिति

अशोकनगर जिले में मछली पालन को लेकर 40 समितियां है और 1248 सदस्य हैं इनमें चार समिति ऐसी है जो विवादित चल रही है। जिनमें एक छज्जू बरखेड़ा की समिति है जिसमें अध्यक्ष को लेकर विवाद है या दो ग्रुप हो गए हैं। इसी प्रकार अमाही तालाब को लेकर समितियां में अध्यक्ष को लेकर विवाद है। यहां सदस्यों का कहना है कि अध्यक्ष कि नियुक्ति गलत तरीके से हुई है। इसी प्रकार बनेट तालाब को लेकर आपसी रूप से मछुआरों में विवाद है। जबकि पांच समितियां पूरी तरह निषक्रिय है काम नहीं कर रही ह। मछली पकड़ने का काम कर रही है लेकिन समय पर ऑडिट भी नहीं कराया जा रहा है। जमाखेड़ी मछुआ सहकारी समिति द्वारा पैसा जमा नहीं किया जा रहा है, जिसे लेकर नोटिस भी जारी किया गया है,उसके बावजूद भी उनके द्वारा इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भारत सरकार की प्रधान मत्स्य संपदा योजना चल रही है जिसमें भारत सरकार से नविता का काम किया जा रहा है। एक हेक्टेयर को सामान्य वर्ग में 40 प्रतिशत और अनुसूचित जाति जनजाति के लिए 60 प्रतिशत और महिलाओं को 60 प्रतिशत एक हेक्टर के लिए के लिए 67000 दिए जाते हैं जिसमें 40 प्रतिशत की राशि जमा करना होती है। प्रधानमंत्री संपदा योजना को लेकर उप संचालक एन एस दंडोतिया का कहना है कि अकारण लोगों के द्वारा झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं, इसमें पूरी पारदर्शिता के साथ काम किया जा रहा है। जो भी मूल रूप से मत्स्य उत्पादन में रुचि ले रहे हैं या उन्हें प्रधानमंत्री संपदा योजना को लेकर रुचि है उन लोगों की रुचि को देखते हुए सुविधा प्रदान की जा रही है।

चार दिवसीय दौरे की तैयारियां जारी

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 17 जुलाई को करेगें नई इमारत का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक चार दिवसीय अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 15 जुलाई 2026 को सायं 07.10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 10 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर आयेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। 4 दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत 17 जुलाई को अशोकनगर रेलवे स्टेशन भवन का लोकार्पण करेगें।

केन्द्रीय मंत्री 16 जुलाई 2026 को प्रातः 09.40 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर से प्रस्थान कर प्रातरू 09.45 बजे तार वाले बालाजी मंदिर पहुंचकर दर्शन करेगें। प्रातः 10.05 बजे तारवाले बालाजी मंदिर से प्रस्थान कर प्रातः 10.10 बजे से प्रातः 11.25 बजे तक जनसंपर्क कार्यालय में जनसुनवाई करेगें। प्रातः 11.30 बजे विधि महाविद्यालय अशोकनगर प्रस्थान कर आजीविका मिशन की स्व सहायता समूह की बहनों के साथ संवाद करेगें। दोपहर 12.45 बजे विधि महाविद्यालय अशोकनगर से प्रस्थान कर दोपहर 02.55 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। दोपहर 03.05 बजे मंडी ग्राउण्ड बहादुरपुर पहुंचेगें एवं कृषि सम्मेलन में भाग लेगें। अपरान्ह 04.05 बजे से अपरान्ह 04.25 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। अपरान्ह 05.15 बजे सेमरखेडी पहुंचेगे एवं विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करेगें। सायं 06.15 बजे सेमरखेडी से प्रस्थान रात्रि 08.55 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। तत्पश्चात रात्रि 09 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर पहुंचेगे एवं रात्रि विश्राम करेगें।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 17 जुलाई 2026 को प्रातः 09.55 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचेगें। कलेक्ट्रेट अशोकनगर में प्रातः 10 बजे से प्रातः11.30 बजे तक डीवीएमसी की बैठक लेगें। प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कलेक्ट्रेट में प्रेस कान्फ्रेस करेगें। दोपरह 12 बजे कलेक्ट्रेट अशोकनगर से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे सेमरी शाहबाद पहुंचेगे एवं ग्राम चैपाल एवं शासकीय स्कूल भवन का लोकार्पण करेगें। दोपहर 01.15 बजे सेमरी शाहबाद से प्रस्थान कर दोपहर 02.30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। दोपहर 02.40 बजे अशोकनगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगें एवं अशोकनगर रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्वार उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेगें। अपरान्ह 04.30 बजे अशोकनगर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान कर अपरान्ह 04.45 बजे तुलसी सरोवर अशोकनगर पहुंचकर पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थी का अभिनंदन एवं संवाद कार्यक्रम में भाग लेगें। सायं 06 बजे तुलसी सरोवर से प्रस्थान कर पारकना,सेहराई में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। रात्रि 08 बजे पारकना, सेहराई से प्रस्थान कर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। रात्रि 09.50 बजे किला कोठी पहुंचेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 18 जुलाई 2026 को प्रातः 09.25 बजे किलो कोठी से प्रस्थान कर प्रातः 09.30 बजे जागेश्वरी माता मंदिर पहुंचकर दर्शन करेगें।

इनर व्हील क्लब ने लगाया पौधा, आने वाले कल को हराभरा बनाने का संकल्प

अशोकनगर। इनर व्हील क्लब ऑफ अशोकनगर द्वारा गांधी इंटरनेशनल स्कूल, अशोकनगर में विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं था, बल्कि बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के संस्कार विकसित करना था।

बच्चों को पेड़ों का महत्व बताते हुए समझाया गया कि पेड़ हमें शुद्ध वायु, फल, छाया, औषधियाँ तथा वर्षा का आधार प्रदान करते हैं। क्लब द्वारा 25 फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया तथा बच्चों को उनकी नियमित देखभाल के लिए वॉटरिंग कैन भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष शिप्रा अग्रवाल, सचिव रिचा जैन, अर्चना बंसल, चैतन्य मनोरिया, अंजू अग्रवाल, सुशीला गुप्ता, नीलू सेठ,विजेता कंसल, नीलू जैन एवं सरिता अग्रवाल सहित क्लब की सदस्यों ने सहभागिता की। सभी ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और उनके उत्साह एवं मासूम खुशी के बीच प्रकृति से जुड़ने का एक सुखद एवं अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुना रोड बरखेड़ी स्थित 'संस्कार अकादमी स्कूल' में कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर शशि सलूजा ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का महत्व समझाया।

अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों का साहस एवं धैर्य के साथ सामना कैसे करें तथा अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं बड़ों का सम्मान करना क्यों आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्यों, समय के सदुपयोग एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इस प्रेरणादायी सेमिनार में कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न प्रेरक गतिविधियों एवं संवाद सत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को समझा। विद्यालय के निदेशक राजदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं।

पिपरई के प्रभारी नायब तहसीलदार की तहसीदार के पद पर पदोन्नती हुई

पिपरई। कलेक्टर साकेत मालवीय ने पिपरई प्रभारी नायब तहसीलदार अंजनी कुमार चैधरी को कलेक्टर द्वारा प्रभारी नायब तहसीलदार से नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति किया। इस अवसर पर पिपरई हल्का पटवारी माधवराव यादव,कमलेश श्रीवास्तव, अनिल कुमार चैरसिया, बबीता रघुवंशी, पत्रकार रनबीर विश्वकर्मा कृष्ण कुमार चैकीदार काशीराम चैकीदार एवं समस्त स्टाफ ने नायब तहसीलदार अंजली चैधरी को पदोन्नति होने पर मिठाई खिला कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

आयुक्त ग्वालियर संभाग की अध्यक्षता में वीडियों कान्फ्रेंस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय सहित जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अदिति सिंह उपस्थित रही। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा वर्चुअल रूप से जुडकर भाग लिया। बैठक में आयुक्त खत्री ने अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत राहत राशि के प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र के प्रकरणों का निराकरण 30 दिवस में जारी किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निकायबार बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। वर्षा ऋतु में जर्जर भवनों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उप खण्ड स्तर पर त्रैमासिक बैठकें नियमित रूप आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले यह सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के बिंदुओं, वनाधिकार अंतर्गत व्यक्तिगत दावे,सामूहिक दावों के ऑनलाइन आवेदन कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कानून व्यवस्था के तहत शैक्षणिक परिसर में ड्रग जॉन घोषित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए।

विद्यार्थी हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर एबीवीपी ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जिला अशोकनगर द्वारा विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक विषयों एवं जिले की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के नाम विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने मांग की कि सभी विषयों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समयबद्ध जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने जिले के अनेक निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों एवं पालकों पर विद्यालयीन ड्रेस, पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक सामग्री केवल चिन्हित दुकानों से खरीदने का दबाव बनाए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसे विद्यालयों की जांच कर दोषी संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही हाल ही में निर्मित जिला के सीएम राइज विद्यालय भवन की गुणवत्ता पर प्रश्न उठाते हुए भवन निर्माण एवं परिसर में निर्मित साइकिल स्टैंड सहित अन्य निर्माण कार्यों की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराने तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

परिषद ने उत्कृष्ट विद्यालय, अशोकनगर में विद्यार्थियों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्षों के शीघ्र निर्माण की मांग भी की, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त जिले के सभी निजी कोचिंग संस्थानों एवं अध्ययन लाइब्रेरियों की अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपातकालीन निकास एवं अन्य सुरक्षा मानकों की संयुक्त जांच कराने की मांग की गई, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। ज्ञापन में नगर के संजय स्टेडियम की अव्यवस्थाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई।

परिषद ने बताया कि स्टेडियम परिसर में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों एवं खिलाड़ियों के प्रति अनुचित व्यवहार की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। ऐसे में स्टेडियम में नियमित निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। परिषद ने कहा कि यदि उपरोक्त विषयों पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के हित में चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने 324 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 324 आवेदकों ने आवेदन दिए।

लोक शांति भंग करने पर शस्त्र लायसेंस निलंबित किए जाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने संज्ञान लेते हुए जितेन्द्र लोधी निवासी मुंगावली द्वारा लायसेंसी बंदूक का झगडे के दौरान इस्तेमाल करने पर एसडीएम मुंगावली को शस्त्र लायसेंस निलंबित किये जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जितेन्द्र लोधी द्वारा आपसी झगडे के दौरान लायसेंसी बंदूक के इस्तेमाल से लोक शांति व्यवस्था भंग की गई। जिसके तहत उक्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई के दौरान शासकीय जमीन पर कब्जा किये जाने संबंधी आवेदनों के निराकरण हेतु कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि विवादित जमीन पर कब्जा संबंधी मामलों में नियमानुसार कार्यवाही कर कब्जाधारियों के विरूद्ध नोटिस जारी कर सिविल जेल की कार्यवाही की जाए।

फर्जी फाइनेंस कंपनियों पर करें कार्यवाही

जनसुनवाई में ईसागढ़ क्षेत्र में फर्जी फाइनेंस कंपनियों के संचालन संबंधी शिकायतों के संबंध में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत फर्जी फाइनेंस कंपनियों के विरूद्ध आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही की जाए। जिससे क्षेत्र के लोग झूठे झांसे में आने से बच सके। जनसुनवाई में ग्राम झागर निवासी राजकुमार सिंह द्वारा भूमि का नामांकन कराए जाने, ग्राम हिनोतिया फूट निवासी जगराम यादव द्वारा रास्ते से अतिक्रमण हटाए जाने, ग्राम बामोरी लाल निवासी मीरा अहिरवार द्वारा रास्ता दिलाए जाने, वार्ड क्रमांक 14 मुंगावली निवासी मुबारक खान द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, सोनी कॉलोनी मुंगावली निवासी राजेंद्र सिंह द्वारा नामांतरण कराए जाने, ग्राम राजपुर निवासी बाबूलाल साहू द्वारा विक्रय पत्र के संबंध में, शाढोरा निवासी यासीन हैदर द्वारा रास्ता दिलाए जाने, शंकर कॉलोनी अशोक नगर निवासी हरिकिशन लोधी द्वारा बिजली बिल काम कराए जाने, करमई चंदेरी निवासी बुंदेल यादव द्वारा रास्ता दिलाए जाने, चंदेरी निवासी मुन्नी बाई द्वारा भूमि का पट्टा दिलाए जाने,छैबलाई निवासी सम्पत बाई कुशवाह द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाए जाने सहित अन्य समस्याओं संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है।जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोस्कर, एसडीएम अशोकनगर इसरार खान सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ एवं सीएमओ ने गूगल मीट से जुडकर भाग लिया।

दस्तक अभियान की ड्यू लिस्ट व जिंक एवं ओआरएस की उपलब्धता की समीक्षा की

धतुरिया से दस्तक अभियान की शुरुआत लापरवाही पर कलेक्टर ने लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धतुरिया से जिले में दस्तक अभियान की शुरुआत की गई। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों का गहन निरीक्षण कर एएनसी पंजीयन में लापरवाही मिलने पर कई कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एएनसी पंजीयन, लक्ष्य दंपत्ति पंजीयन, एएनएम-आशा कार्यकर्ताओं के रिकॉर्ड, विवाह पंजीयन, दस्तक अभियान की ड्यू लिस्ट तथा जिंक एवं ओआरएस की उपलब्धता की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर जमीनी हकीकत जानी। मौके पर जिला टीकाकरण अधिकारी मौजूद रहे।

लापरवाही पर एक्शन, कई पर गिरी गाज

इसके बाद रामगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। एएनसी पंजीयन की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी कार्रवाई की। रामगढ़ मे पदस्थ दो एएनएम की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने, आशा सुपरवाइजर सीमा दांगी की प्रोत्साहन राशि रोकने तथा आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक दिलेश्वरी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। सीडीपीओ ममता वर्मा को तीन दिन में एएनसी सर्वे पूरा कर प्रगति लाने को कहा गया। सुधार न होने पर निलंबन की चेतावनी दी गई। वहीं अनुपस्थित आउटसोर्स कर्मचारी महेंद्र गुर्जर की सेवा समाप्त करने, उप स्वास्थ्य केंद्र खेजिड़िया के सीएचओ हरीश लोधा और खारपा के सीएचओ रोशन सिंह गुर्जर का तीन दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। ग्राम धतुरिया की एएनएम संगीता मालवीय एवं सीएचओ मनीष मालवीय का भी तीन-तीन दिन का वेतन काटा जाएगा।

लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दो टूक कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को दस्तक अभियान के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने और हर पात्र हितग्राही तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य घर-घर जाकर शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है, इसमें कोताही करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

विधायक ने पिलाई विटामिन ए की खुराक दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

0 से 5 वर्ष के बच्चों के स्वास्थ्य के लिए चलाया जाएगा अभियान

लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

बच्चों के स्वास्थ्य और कुपोषण मुक्त भारत के संकल्प के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में मंगलवार को दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने नौनिहालों को अपने कर कमलों से विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल कुशवाह, नगर पालिका उपाध्यक्ष खुजनेर सहित समस्त पार्षदगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे अभियान की दी गई जानकारी इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रतिनिधि सीबीएमओ डॉ. एस.के. मित्तल ने दस्तक अभियान के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि यह अभियान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और विटामिन ए की कमी को दूर करने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे और उन्हें आवश्यक दवाएं एवं पोषण संबंधी सलाह देंगे डॉ. मित्तल ने कहा कि दस्तक अभियान के तहत विटामिन ए की खुराक, कृमि नाशक दवा, आयरन की गोली एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।विधायक ने की अपील और दी चेतावनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अमर सिंह यादव ने सभी 0 से 5 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि वे दस्तक अभियान के अंतर्गत दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का भरपूर लाभ लें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ राष्ट्र की नींव है विधायक अमर सिंह यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान को अभियान नहीं बल्कि मिशन समझकर काम किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फील्ड में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध शासन के नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ ने समय पर लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

रॉयल हाईट्स स्कूल में शिवलाल उत्कृष्टता सम्मान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में शिवलाल उत्कृष्टता सम्मान का भव्य आयोजन किया गया।

जहां पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सीईओ आर. एस. रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि विद्युत विभाग ए.ई. जीवन नायक, विशेष अतिथि थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा एवं एसआई अरुण सिंह जाट उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली खुशबू पाटीदार, कृष्णपाल दांगी पिता छगनलाल दांगी , रिद्धिमा गुप्ता एवं रुद्राक्षी गुप्ता पिता सतीश गुप्ता का शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। शिवलाल एंड कंपनी की ओर से प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खुशबू पाटीदार को 11,000 रूपये का चेक, पुस्तकें, स्कूल बैग एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सीईओ रघुवंशी ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान केवल उनकी उपलब्धि का गौरव नहीं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। रॉयल हाईट्स विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। संस्था संचालक रणधीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें जीवन में सफल एवं संस्कारित नागरिक बनाना है। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। कार्यक्रम में संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह, वरिष्ठ कॉर्डिनेटर पुष्कर पटेल, भोला सेन, दीपक भावसार, अरविंद बंसल, विनोद शर्मा, मुकेश शर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

जीवन की नई आस बनी जिला अस्पताल की डायलिसिस सेवा

अब अधिक मरीजों को समय पर मिल रहा जीवनदायी इलाज

सफलता की कहानी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल राजगढ़ में कभी किडनी रोगियों को डायलिसिस के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। कई मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, जिससे आर्थिक बोझ के साथ समय और मानसिक तनाव भी बढ़ता था। लेकिन अब जिला अस्पताल राजगढ़ ने स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए दो नई डायलिसिस मशीनें शुरू कर दी हैं। इसके साथ ही अस्पताल में डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जिससे मरीजों को पहले की तुलना में कहीं अधिक बेहतर, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल रहा है।

किडनी रोगियों के लिए नियमित डायलिसिस जीवन की अनिवार्य आवश्यकता होती है। उपचार में थोड़ी भी देरी मरीज के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। नई मशीनों के शुरू होने से अब अधिक मरीजों का समय पर डायलिसिस किया जा रहा है तथा प्रतीक्षा अवधि में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिली है।जिला अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मशीनों की संख्या बढ़ने से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को अब निजी अस्पतालों में महंगा उपचार कराने की आवश्यकता कम होगी। इससे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक राहत भी मिलेगी और उन्हें अपने जिले में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

सेवाओं के शुभारंभ के बाद सिविल सर्जन एवं अस्पताल प्रबंधन द्वारा डायलिसिस वार्ड का निरीक्षण कर मशीनों की कार्यप्रणाली, मरीजों की सुविधा, साफ-सफाई, बिजली एवं पानी की उपलब्धता सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को मशीनों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।आज जिला अस्पताल राजगढ़ केवल उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए नई उम्मीद का प्रतीक बनकर उभरा है। डायलिसिस सेवाओं का यह विस्तार जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सशक्त, सुलभ तथा जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मरीजों के चेहरों पर लौटती मुस्कान और समय पर मिल रहा उपचार इस पहल की वास्तविक सफलता की कहानी बयां करता है।

पुलिस परिवार में खुशी का माहौल

254 आरक्षकों को मिली प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन तथा मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के तहत शासन के जारी आदेशों के पालन में जिला राजगढ़ पुलिस में पदोन्नति की महत्वपूर्ण कार्यवाही संपन्न की गई। इसी क्रम में जिला राजगढ़ के 254 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई।'

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे'' के मार्गदर्शन में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा नवपदोन्नत प्रधान आरक्षकों को कार्यालय में प्रधान आरक्षक की फिट्टी लगाकर सम्मानित किया गया। उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने कहा कि पदोन्नति केवल अधिकार नहीं, बल्कि अधिक जिम्मेदारी, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति बढ़ी हुई प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने सभी नवपदोन्नत प्रधान आरक्षकों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्पक्षता, संवेदनशीलता एवं समर्पण के साथ करते हुए आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ करेंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, लगन एवं सेवा भावना का परिणाम है। उन्होंने सभी को भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य करते हुए राजगढ़ पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

पदोन्नति प्राप्त करने वाले सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण रहा। पुलिस परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर इस गौरवपूर्ण अवसर को उत्साहपूर्वक मनाया। राजगढ़ पुलिस परिवार ने सभी नवपदोन्नत ''प्रधान आरक्षकों'' को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने अनुभव एवं कर्तव्यनिष्ठा से पुलिस विभाग की कार्यकुशलता और जनविश्वास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

21 जुलाई को लगेगा बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर

विदिशा। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम 21 जुलाई को सुबह नहीं बल्कि दोपहर 11:30 बजे से अहमदपुर रोड स्थित बिजली कंपनी कार्यालय में शिविर लगाने जा रहा है। शिविर में बिजली बिल, मीटर, नए कनेक्शन, नामांतरण, लोड वृद्धि-कमी, वोल्टेज, बिजली कटौती, आपूर्ति बाधित होने, कनेक्शन स्थानांतरण सहित विभिन्न शिकायतों की सुनवाई कर निराकरण किया जाएगा। फोरम ने बताया कि विद्युत अधिनियम की धारा 126, 135-139, 161 तथा अविवादित बकाया वसूली के मामले इसमें शामिल नहीं होंगे।

किशनगढ़ बालाजी मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर किशनगढ़ बालाजी के स्थापना दिवस पर 13 जुलाई को विभिन्न धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुए। किशनगढ़ मोहल्ले में स्थित यह धार्मिक स्थल गरुड़ासीन भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर के सम्मुख है। यहां 13 जुलाई 1991 को बालाजी मंदिर का नवनिर्माण कर बालाजी की नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति विराजित की गई थी। तब से हर वर्ष इस पावन तिथि को स्थापना वर्ष के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर एक दिन पूर्व विधि-विधान से पूजा अर्चना कर रामायण पारायण पाठ शुरू कर पूजा-अर्चना, हवन और शांति यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया।

मंदिर की विशेषता

मंदिर संचालन की प्रमुख विशेषता यह है कि

विगत 70 वर्षों से अधिक समय से मंदिर पर नियमित रूप से हर मंगलवार को धार्मिक पाठ का आयोजन होता है। इसमें हनुमान चालीसा, गीता जी का एक अध्याय, रामायण के पांच दोहे, राम-नाम की माला, भजन और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाता है। पूरे श्रावण मास में रामायण का एक अध्याय प्रतिदिन किया जाता है। तथा रामायण के चैबीस वें दिन सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में मंदिर द्वारा संचालित श्री बजरंग नवयुवक समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का अनुशासित पाठ का आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा न केवल नगर में बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी प्रसिद्ध है। समिति द्वारा नगर ही नहीं अपितु मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के कई धार्मिक स्थलों पर सुंदरकांड पाठ किया गया है, इस वर्ष भी राजस्थान के तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुंदरकांड पाठ किया जा चुका है। समिति की समस्त गतिविधियों समिति संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में सभी आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा पुरे भक्ति भाव धार्मिकता से अभिभूत होकर होते हैं जिसमें नगर के श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।

उचित मूल्य दुकानों को बहुउद्देशीय सेवा केंद्र बनाने पर जोर

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिले में प्रत्येक सेल्समैन के पास केवल एक ही उचित मूल्य दुकान का संचालन हो, ताकि जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों को बहुउद्देशीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि इन्हें प्रतिदिन नियमित रूप से खोला जाए और राशन वितरण के साथ विभिन्न शासकीय सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने दुकानों को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की तर्ज पर संचालित करने, ई-केवाईसी में तेजी लाने तथा खाद्यान्न वितरण को समयबद्ध, पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश दिए।

पोस्टमार्टम के बाद होगी आगे की कार्रवाई

जेल में बंद विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान मौत

नरसिंहगढ़। मंगलवार को उपजेल नरसिंहगढ में विचाराधीन एक बंदी की सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक पर्वत सिंह पिता सिंघा जी, उम्र 42 जाति भील निवासी बोरखेड़ी राघोगढ़ पिछले दो दिनों से पेट संबंधी बीमारी से पीड़ित था। तबीयत बिगड़ने पर मंगलवार को उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल पहुंचे। जहां नियमानुसार मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंपने तथा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। फिलहाल मौत के स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। प्रशासन का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

श्रद्धालुओं ने किया भावपूर्ण स्वागत, धर्म, संयम, सदाचार आत्मकल्याण का संदेश

मुनिश्री 108 सुधा सागर महाराज का मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सकल दिगम्बर जैन समाज सारंगपुर के तत्वावधान में मंगलवार को परम पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ससंघ का नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक मंगल प्रवेश हुआ। भावना होटल, गणेश विहार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाराज की अगवानी कर जयघोष के साथ भावपूर्ण स्वागत किया।अगवानी के पश्चात विशाल चल समारोह गणेश विहार से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ स्थानीय मांगलिक परिसर पहुंचा। पूरे मार्ग में

श्रद्धालुओं ने मुनिश्री के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। धार्मिक भजनों, जयघोष और श्रद्धा-भक्ति के वातावरण से नगर भक्तिमय हो उठा। मांगलिक परिसर में आयोजित धर्मसभा में मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में धर्म, संयम, सदाचार एवं आत्मकल्याण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि एवं मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होना है। समाजजनों से धर्म के प्रति आस्था बनाए रखने, संस्कारों की रक्षा करने तथा सेवा, सद्भाव और संयमपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सकल दिगम्बर जैन समाज सारंगपुर के अध्यक्ष मनोज जैन ने किया। इस अवसर पर मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज की आहारचर्या का लाभ विकास जैन (जेलर), निर्मल जैन एवं चंद्रकुमार जैन के निवास पर प्राप्त हुआ। वहीं मुनि संघ की आहारचर्या का सौभाग्य समाज अध्यक्ष मनोज जैन, अजय जैन वर्धमान सिंघई, सुरेश जैन, निर्मल जैन (मेडिकल), मयंक श्रीमाल सहित अनेक श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, अनुशासन एवं भक्ति के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद माचलपुर जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

Email ID- cmonpmach@gmail.com फोन नं.07370-271127

क्रमांक / निर्माण / 1422/2026 -:: निविदा सूचना ::- माचलपुर, दिनांक. 14/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत कंसल्टेंट / ठेकेदारी से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mpetendar.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंण्डर क्रंमाक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_521369_1 DATE 15.07.2026/10:30AM	गीता भवन निर्माण हेतु डी. पी.आर. तैयार करने का कार्य	1. 15 दिवस 2. 800000	1. 2000 2. 8000	31.07.2026/ 17:30 PM

नोट :-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mpetendar.gov.in/ की वेबवाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। साथ ही निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी निर्माण / स्टोर शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

(गीताबाई देवीलाल मालवीय) अध्यक्ष नगर परिषद माचलपुर
(गोविन्द सिंह) उपयंत्री नगर परिषद माचलपुर
(देवेन्द्र कुमार वत्स) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद माचलपुर